एक नजर में

अंतर क्षेत्रिय बैडमिंटन प्रतियोगिता का 12 से होगा शुभारंभ

सारनी। आगामी 12 नवंबर से 47 वीं अंतर क्षेत्रिय बैडमिंटन प्रतियोगिता का नया समाज केंद्र में आयोजन किया जा रहा है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की क्षेत्रीय कीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में आगामी 12 नवंबर से 14 नवंबर तक 47वीं अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ सतपुडा पावर प्लांट के चीफ इंजीनियर वहीं के केथवार के द्वारा किया जाएगा। क्रीड़ा समिति के सचिव एसएन सिंह एवं सुनील तंगापन ने कहा कि अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारी जोरो पर चल रही है। इस प्रतियोगिता में सारनी, खंडवा, चचाई, शहडोल, अमरकंटक, बिरसिंहपुर, जबलपुर सेंट्रल, जबलपुर रीजन, रीवा, सिरमौर सागर, भोपाल इंदौर की टीम शामिल हो रही हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है।

10 से 13 तक चलेगा सिकल सेल रोगियों का फॉलोअप स्वास्थ्य शिविर

बैतूल। सिकल सेल रोगियों के लिए स्वास्थ्य विभाग बैतूल द्वारा 10 से 13 नवम्बर तक विशेष फॉलो-अप स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल बैतूल में एक साथ आयोजित किया जाएगा। सिकल सेल कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ अंकिता सीते ने बताया कि सीएमएचओ डॉ मनोज हुरमाड़े के मार्गदर्शन में इस विशेष शिविर में सभी जांच और उपचार सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी। मरीजों के लिए सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी और यूरिन रूटीन जैसी आवश्यक जांचें की जाएंगी। साथ ही हाइड्रॉक्सी यूरिया और फोलिक एसिड जैसी आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। रक्त की आवश्यकता होने पर मरीजों को रक्त उपलब्धता की सुविधा भी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सिकल सेल रोगियों को संदेश दिया है कि वे हर तीन माह में नियमित जांच अवश्य कराएं, ताकि समय पर उपचार मिल सके और गंभीर स्थिति से बचाव हो सके।

नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर कल

बैतूल। ग्राम जामठी स्थित भारत भारती हॉस्पीटल में 10 नवम्बर दिन सोमवार को सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर एल.एन. मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। शिविर में हृदय रोग, किडनी, लीवर, हड्डी रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, हार्निया, हाइड्रोसील, पाईल्स, पथरी, बच्चेदानी से संबंधित ऑपरेशन सहित मधुमेह, ब्लडप्रेशर, थाईराइड, एलर्जी, माइग्रेन, सर्दी-जुखाम, अल्सर जैसे रोगों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीजों की खून और पेशाब की महत्वपूर्ण जांचें तथा आंखों की जांच, जिसमें कांचबिंदु और मोतियाबिंद जैसी बीमारियों की जांच शामिल है, पूरी तरह नि:शुल्क की जाएगी। जिन मरीजों को आगे के इलाज के लिए भोपाल ले जाया जाएगा, उन्हें आने-जाने की सुविधा, दो समय का भोजन, दूध और चाय की व्यवस्था नि:शुल्क दी जाएगी। आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

करबला के पास पुलिया के समीप मिट्टी के कटाव को अब तक नहीं भरा

नवभारत न्यूज

बैतूल, 8 नवंबर. बारिश से पुल-पुलिया का कटाव यानि पुल-पुलिया के किनारे से, जो मिट्टी बही थी, उसे अभी तक नहीं भरा गया है।

बारिश में कटाव बढ़ने से प्रभावित हो सकता है मार्ग

जिम्मेदार पुलिया की मरम्मत पर नहीं दे रहे ध्यान

इससे भविष्य में पुलिया या सडक धंसने की संभावनाएं बढ़ गई है। कुछ स्थानों पर हालात यह है कि संकरे पुल-पुलिया के दोनों ओर मिट्टी का कटाव सडक तक पहुंच गया है। करबला घाट के पास पुलिया पर मिट्टी के कटाव से वाहनों के गिरने और अनियंत्रित होकर स्लिप होने की संभावनाएं और बढ़ गई है। बता दे कि शहर के करबला के पास पुलिया के बगल में मिट्टी गायब हो गई है। करबला के पास की इस पुलिया के ऊपर डामर ही रह गया है, नीचे से मिट्टी धंसक गई है। 6-6 फीट गहरे कटाव हो गए हैं। ऐसे में समय रहते कटाव नहीं भरा तो कटाव और बढ़ जायेगा। इस स्थिति में कोई भारी वाहन पुल-पुलिया से गुजरता है तो जमीन धंसने या सडक धंसने से बड़ा हादसा भी हो सकता है। करबला पुल के पास रोड के ऊपर डामर है, नीचे मिट्टी पूरी धंसक गई है। लेकिन मरम्मत नहीं करवाई है, जबकि यहां पर सामान्य कारों के साथ बस और ट्रक भी गुजरते हैं। जिससे वाहन चालकों में इस पुल को पार करते समय हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। यदि यह पुलिया धंसती है या क्षतिग्रस्त होती है तो वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही इंदौर हाइवे पर पहुंचने के लिए आठनेर रोड से हाइवे पर चढकर इंदौर रोड पर जाना होगा। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग की ईई प्रीति पटेल को फोन लगाया, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया।

इंदौर फोरलेन को जोड़ती है सड़क की पुलिया

शहर को इंदौर फोरलेन के साथ परतवाड़ा मार्ग से जोडने वाली सडक पर करबला घाट के पास यह पुलिया है। यदि यह पुलिया धंसती है या क्षतिग्रस्त होती है तो वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही इंदौर हाइवे पर पहुंचने के लिए आठनेर रोड से हाइवे पर चढकर इंदौर रोड पर जाना होगा। इस दौरान बडोरा चौक पर वाहन चालकों को ट्रॉफिक की समस्या से भी जुझना पड़ेगा। बता दे कि करबला पुल निर्माण का टैंडर हो चुका है, लेकिन इस पुलिया के निर्माण के लिए अभी तक कोई भी योजना तैयार नहीं की है। वाहन चालकों का कहना है कि समय रहते पुलिया निर्माण या मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले बरसात के समय तक यह पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है।

फिलहाल यह पीडब्ल्यूडी के अंडर आती है। हमने सिर्फ अनापत्ति पत्र लिया है कि यदि हमारा प्रोजेक्ट पास होता है तो सडक निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ ही पुलिया भी बनाते, लेकिन अभी हमारे प्रोजेक्ट के लिए शासन से पैसा भी नहीं मिला है। प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिलती है तो हम पुलिया निर्माण या सुधार करवा देगे।
- **नीरज धुर्वे**, एई, नगरपालिका बैतूल

कई बार लग जाता है लंबा जाम

करबला के पास की यह पुलिया मिट्टी के कटाव के कारण काफी संकरी हो गई है। जिस पर से एक समय एक ही वाहन निकल सकता है। ऐसे में एक-एक कर वाहन निकलने के कारण दूसरी तरफ लंबा जाम लग जाता है। चूंकि यह पुलिया करबला पुल से बिलकुल लगी हुई है। इस कारण इस पुलिया का निर्माण किया जाना आवश्यक है, क्योकिं कुछ ही समय बाद करबला पुल का निर्माण भी शुरू होने वाला है। ऐसे में इस पुलिया से वाहनों का आवागमन और बढ़ जायेगा। कंस्ट्रक्शन के लिए मटेरियल लेकर वाहन इसी पुलिया से गुजरेगे। इसके अलावा इंदौर-नागपुर हाइवे पर पहुंचने के लिए भी अधिकांश लंबे रूट के ट्रक इसी मार्ग का सहारा लेते है। इस स्थिति में इस पुलिया का निर्माण अति आवश्यक हो जाता है।

रात में पीछा कर पकड़ी गई रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली, चालक फरार

बैतूल। वन क्षेत्र से रेत के अवैध परिवहन पर वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। दिनांक 6 नवंबर को वनमंडल दक्षिण बैतूल अंतर्गत आठनेर वन परिक्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन की सूचना पर वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल एल.के. वासनिक और उपवनमंडलाधिकारी मुलताई संजय साल्वे के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर अतुल भोयर द्वारा गश्ती दल गठित किया गया। गश्ती दल जब बीट झुनकारी के कक्ष क्रमांक 592 के मुरूम नाले के पास रात करीब 8.15 बजे पहुंचा, तब नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर ट्रॉली में रेत भरी जा रही थी।

स्टाफ को देखकर वाहन चालक संदीप कुमार निवासी हिवरखेड ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। वन अमले ने शासकीय वाहन से पीछा किया और हिवरखेड के उत्क्रान्ति चौक पर ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर भागे चालक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। भीड़ अधिक होने से वन विभाग ने पुलिस बल की सहायता से ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस स्टेशन मोर्शी में खड़ा करवाया। रात अधिक होने और उत्खनन स्थल महाराष्ट्र सीमा पर होने के कारण 7 नवंबर को महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश वन विभाग की संयुक्त टीम ने स्थल का निरीक्षण किया, जहां यह बीट झुनकारी के कक्ष क्रमांक 592 के मुरूम नाले के पास मध्यप्रदेश सीमा के भीतर पाया गया। तत्पश्चात पुलिस थाना मोर्शी से ट्रैक्टर ट्रॉली को वन परिक्षेत्र कार्यालय आठनेर मोर्शी लाया गया तथा रेत सहित वाहन को जप्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त वनोपज का मूल्य 5535 रुपए आंका गया।प्रकरण में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 2, 26(1)(छ), 41 एवं 52 के तहत कार्रवाई की गई। संपूर्ण कार्रवाई में वनपाल संतोष कुमरे का विशेष योगदान रहा।

बैतूल में ठंड की दस्तक, पारा 8 डिग्री गिरा

बैतूल। जिले में ठंड ने दस्तक दे दी है। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

चार दिनों में बैतूल का न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। 4 नवंबर को न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस था, जो 8 नवंबर को घटकर 13 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस और शनिवार को 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात के तापमान में 3.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड

के बढ़ते असर के साथ ही लोगों ने गर्म कपड़े निकालना शुरू कर दिया है। बैतूल का अधिकतम तापमान भी 26.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जिससे दिन में भी सर्दी का एहसास होने लगा है। शाम ढलते ही ठंडी हवाओं का प्रभाव और तेज हो जाता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत में बर्फबारी शुरू होने के बाद इसका असर बैतूल सहित पूरे मध्यप्रदेश में महसूस किया जाएगा। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज होने का अनुमान है। सर्दी बढ़ने के साथ ही बाजारों में गर्म कपड़ों की दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है।

खबर छपते ही मुलताई, आठनेर पुलिस ने मारा छापा, भागे जुआरी

मुलताई। ग्राम पंचायत सालबर्डी के ग्राम घोरपेंड में बीते 2 माह से लगातार अवैध रूप से जुआरियों द्वारा बट्टा चलाया जा रहा था। जिसकी खबर प्रमुखता से शुक्रवार को समाचार पत्र में प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद शुक्रवार रात्रि आठनेर एवं मुलताई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की गई। पुलिस की छापामार कार्रवाई की सूचना जुआरियों को मिलने से जुआरी जंगल में अंधेरे का फायदा उठाते हुए अंतर्राज्यीय सीमा पार कर महाराष्ट्र की सीमा में भाग गए।

पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से जुआरियों के हौसले पस्त है। इस संबध में थाना प्रभारी विजय सिहं ठाकुर एवं नरेन्द्र सिंह परमार ने बताया लगातार इस प्रकार कार्रवाई की जाएगी तथा थाना क्षेत्रो में इस तरह के अवैध कृत्य पर रोक लगाई जाएगी।

मिसेज यूनिवर्स दिव्या चौधरी 13 को आएंगी भौंरा

भौंरा। राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी सामाजिक संस्था जन परिषद के स्थानीय चैप्टर के एक कार्यक्रम में मिसेज यूनिवर्स (फर्स्ट रनर अप), मिसेज इंडिया (ल्यूमिनियस आईज), जन परिषद की तथा और भी प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं की ब्रांड एंबेसडर आगामी 13 नवंबर को सुबह 9 बजे भौंरा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि,शिरकत करने आ रही हैं । उनके साथ जन परिषद के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव एवं संस्था के प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव रहेंगे। जन परिषद के इंटर स्टेट कमेटी के सचिव कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री

के अनुसार, इस अवसर पर कुछ स्थानीय उपलब्धि प्राप्त नागरिकों को सम्मानित भी किया जाएगा। पत्रकार अग्निहोत्री के अनुसार जन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी हैं। उनके अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर 12 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 300 एवम् विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। कार्यक्रम में जन् परिषद एवं पत्रकार कल्याण परिषद के सभी सदस्य शामिल होंगे।

पार्षद थापा बने शासकीय स्कूलों के विधायक प्रतिनिधि

सारनी। नगर पालिका सारनी के वरिष्ठ पार्षद भीम बहादुर थापा को सारनी शहर के सभी शासकीय स्कूलों में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक योगेश पंडाग्रे ने पत्र जारी कर नपा पार्षद एवं सभापति भीम बहादुर थापा को माध्यमिक, प्राथमिक शालाओं में विधायक प्रतिनिधि बनाया है। नपा सारनी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद श्री थापा नपा में स्वास्थ्य विभाग के सभापति है। शासकीय शालाओं

में श्री थापा को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने से शालाओं का विकास एवं सुधार की दिशा में अच्छी पहल की है। श्री थापा को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने पर मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत,नपा अध्यक्ष किशोर बरदे,नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विलास चौधरी,ददन सिंह,बंडू मकोड़े, राजकुमार नागले, योगेश बरदे आदि ने बधाई देते हुए विधायक योगेश पंडाग्रे का आभार व्यक्त किया है।

ज्ञापन : विवेकानंद वार्ड की सड़क निर्माण की मांग

बैतूल। ग्रीन सिटी विवेकानंद वार्ड में चल रही वॉलीबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में जैसे ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक पहुंचे, वार्ड की महिलाओं ने मौके का फायदा उठाते हुए उन्हें अपने इलाके की वर्षों पुरानी समस्या से अवगत कराया। महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए एसटीडी चौक से साईं मंदिर रोड विवेकानंद वार्ड की सड़क निर्माण की मांग रखी। वार्डवासियों का कहना था कि यह सड़क पिछले कई सालों से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बरसात के मौसम में कीचड़, गड्ढे और धूल ने लोगों का

जीना मुश्किल कर दिया है। बावजूद इसके आज तक इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। सड़क की हालत इतनी खराब है कि वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी चुनौती बन गया है। वार्ड की महिलाओं अनीता साहू, ज्योति मालवी, मीरा परिहार, हेमलता पवार, ललिता साहू, राधा, रिंकी साहू, कांता गुंता पवार और बबली पवार ने संयुक्त रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बताया कि सड़क का नाम लेने पर वर्षों से केवल आश्वासन ही मिलता रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ।

कार्तिक पूर्णिमा को 4 दिन बीत जाने के बाद भी मेला शुरू नहीं

मुलताई। पवित्र नगरी में कार्तिक पूर्णिमा से एक माह के लिए लगने वाला मॉ ताप्ती मेला 4 दिन बीत जाने के बाद भी शुरू नही हो पाया है।

मेले में कुछ दूकानें एवं झुले लग चुके है लेकिन जब तक मेले में पूरी दूकाने, झुले एवं अन्य मनोरंजन के साधन शुरू नही हो जाते तब तक मेला अपना रंग नही जमा पाता है। वर्तमान समय में मेले में दूकाने नही लग पाई है। व्यापरियों द्वारा मेले में दूकाने लगाने के लिए भुखंड ले लिए गए है। लेकिन अभी तक दूकाने नही लग पाई है। शनिवार को कुछ व्यापारियों द्वारा मेले में दूकान

लगाने के लिए शेड एवं पाल पर्दे लगाए जा रहे थे। जिससे मेले में अभी यात्री नही आ पा रहे है। मेले प्रांरभ होने के लिए अभी और एक सप्ताह का समय लग सकता है। गौरतलब है कि अधिकृत रूप से नगर में कार्तिक पूर्णिमा से मेले की शुरूवात हो जाना था। लेकिन यह देखने में आया है कि कार्तिक पूर्णिमा को चार दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मेला प्रांरभ नही हो पाया है। वैसे देखा जाए तो प्रतिवर्ष यही आलम रहता है कि कार्तिक पूर्णिमा के करीब 10 दिनों बाद ही मॉ ताप्ती मेला प्रांरभ हो पाता है। जिसका कारण यह बताया जाता है कि अधिकांश व्यापारी एवं झूले सहित अन्य मनोरंजन के साधन कार्तिक पूर्णिमा से एक सप्ताह के लगने वाले दूसरे ग्रामों के मेलो में पहुचते है। जहां पर एक सप्ताह तक मेले में रहने के बाद मेला खत्म होने पर मुलताई पहुचते है। जिससे मॉ ताप्ती मेला देर से प्रांरभ हो पाता है। हालाकि इस बार नगर पालिका द्वारा मेला समय पर प्रांरभ कराने के प्रयास किए गए थे। लेकिन इस बार भी मेला समय पर प्रांरभ नही हो पाया है। जिससे व्यापारियों में नाराजगी है।

फैसला न्यायालय ने सुनाया फैसला

पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

मुलताई। थाना क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ में करीब 34 माह पहले विवाद के दौरान अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी पति को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मुलताई ने आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक मालिनी देशराज ने बताया फरियादी मृतिका नानी बाई के भाई दिनेश बचले ने पुलिस थाना मुलताई में रिपोर्ट लिखाई थी कि बीते 28 जनवरी 2023 को शाम करीब 5 बजे वह अपने घर की छत पर सरसो कूट रहा था तब भांजे ने फोन कर बताया कि मम्मी फोन नहीं उठा रही है। घर जाकर देखकर आओ तो

दिनेश अपनी बहन नानीबाई के घर गया। घर के सामने का दरवाजा अन्दर से बंद था तो आवाज दी ।उस दौरान बहन नानी बाई के पति हेमराज पिता बिरज बडौदे 58 साल ने दरवाजा खोला और घर के अन्दर जाकर देखा तो कमरे मे उसकी बहन नानीबाई खून से लथपथ पड़ी थी ।गले के ऊपर चोंट के निशान थे और नानी बाई की मौत हो चुकी थी। हेमराज ने कहा तेरी बहन का खून मैने कुल्हाड़ी से किया है और तूझे भी खत्म कर देता हूँ कहकर दिनेश की ओर दौड़ा। तब दिनेश जान बचाकर भागा । घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति हेमराज बड़ौदे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। थाना मुलताई में पदस्थ तत्कालीन उपनिरीक्षक उत्तम मस्तकार ने प्रकरण की विवेचना कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया। न्यायाधीश ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी हेमराज को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपनिदेशक राजकुमार उईके एवं सहायक निदेशक सत्य प्रकाश वर्मा के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक मालिनी देशराज ने पैरवी की। प्रकरण में विचारण के दौरान कोर्ट मोहर्रिर अजय हथिया, सुनील धुर्वे का सहयोग रहा।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को उम्रकैद

बैतूल। बैतूल की स्पेशल पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी रमेश गुलहाने को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह मामला दो साल पहले जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया था। कोर्ट ने आरोपी को उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक कारावास और दस हजार रुपए जुर्माने का आदेश दिया है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2023 में दर्ज शिकायत में 12 वर्ष से कम आयु की एक बालिका ने बताया था कि रमेश गुल्हाने उसे कई बार अपने घर बुलाकर दुष्कर्म करता था। आरोपी बालिका को पैसे देकर चुप रहने की धमकी भी देता था। बालिका के परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उन्होंने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर कार्यशाला

सारनी। भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने की। इस कार्यशाला का उद्देश्य आगामी चुनावों के मद्देनज़र मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करना था। कार्यक्रम में प्रत्येक बूथ के अध्यक्षगण, महामंत्रीगण, बीएलए, पार्षदगण एवं सैकड़ों कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहना है। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के प्रेरणास्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कार्यकर्ताओं को

विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सहयोग करने की अपील की। मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य शुरू हुआ है। बीएलओ एवं निर्वाचन अधिकारी घर घर पहुंच कर फॉर्म भरने में लगे हुए हैं। इस कार्य में भाजपा के कार्यकर्ता मतदाता सूची का अवलोकन कर सहयोग प्रदान करे। उन्होंने कहा कि 4 नवम्बर से 5 दिसंबर तक मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। बैठक में भाजपा के जिला के पदाधिकारीगण, मंडल पदाधिकारी, बुथ अध्यक्ष एवं पार्षदगण सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री विनय मदने एवं आभार प्रदर्शन संजीत चौधरी जी द्वारा किया गया।